## मार्च 2019 की प्रमुख विशेषताएँ

- वित्त वर्ष 18-19 में, एनएचपीसी ने 24193 मिलियन यूनिट की सबसे अधिक वार्षिक विद्युत उत्पादन हासिल किया है ।
- माननीय एनजीटी के निदेशों के साथ पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा सुबानसिरी लोअर के विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।
- एनएचपीसी ने 6 मार्च, 2019 को वित्त वर्ष 2018-19 के लिए भारत सरकार को रु. 526.53 करोड़ के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है।
- एनएचपीसी को विद्युत मंत्रालय द्वारा नोडल एजेंसी पीएफ़सी कंसल्टेंसी लिमिटेड के माध्यम से 3 वर्षों के लिए पायलट स्कीम- II के अंतर्गत 2500 मेगावाट की कुल विद्युत की खरीद के लिए एग्रीगेटर के रूप में नियुक्त किया गया ।
- उत्तरी क्षेत्र के लाभार्थियों के लिए 7वीं ग्राहक बैठक 1 से 3 मार्च 2019 तक गोवा में आयोजित की गई ।
- एनएचपीसी द्वारा 15 और 16 मार्च 2019 को जोधपुर में 40वीं टीसीसी और ईआरपीसी की बैठक की मेज़बानी की गई ।
- कामगारों के 1.1.2017 से वेतन संशोधन पर 25.01.2019 को प्रबंधन और श्रमिक यूनियनों के बीच समझौता ज्ञापन निष्पादित किया गया।

## मुख्य विशेषताएं- फरवरी 2019

- एनएचपीसी ने पावर ट्रेडिंग के लिए नेवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- एनएचपीसी को किशनगंगा जल विद्युत परियोजना में टनलों के निष्पादन के लिए टनलिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 'टीएआई टनलिंग प्रोजेक्ट ऑफ़ द इयर अवार्ड' से सम्मानित किया गया।
- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों की संचयी विद्युत उत्पादन फरवरी, 2019 तक 22573 मिलियन यूनिट रहा है।

## मुख्य विशेषताएं जनवरी 2019

- 850 मेगावाट की रतले जलविद्युत परियोजना के लिए एनएचपीसी ने जम्मू व कश्मीर राज्य विद्युत विकास निगम (जेकेएसपीडीसी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एनएचपीसी और जेकेएसपीडीसी के बीच संयुक्त उद्यम के रुप में यह परियोजना विकसित की जाएगी।
- पीआईबी ने दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना की निवेश-पूर्व गतिविधियों के लिए अपनी मंजुरी दे दी है।
- एनएचपीसी ने नार्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एनटीएनयू) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है।
- एनएचपीसी को सीबीआईपी अवार्ड्स 2018 में 'जलविद्युत के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनी' के रूप में पुरस्कृत किया गया

- एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों द्वारा जनवरी 2019 के महीने तक 21339 मिलियन यूनिट संचयी विद्युत उत्पादन किया गया ।

## मुख्य विशेषताएं- दिसंबर 2018

- लैन्को तीस्ता हाइड्रो पावर लिमिटेड के कमिटी ऑफ क्रेडिटर्स (सीओसी) ने एनएचपीसी को सफल संकल्प आवेदक के रूप में घोषित।
- हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा डुगर जलविद्युत परियोजना एनएचपीसी को आवंटित।
- एनएचपीसी ने आईआईटी रुड़की के साथ एनएचपीसी चेयर प्रोफेसरशिप के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) और अनुसंधान व विकास में सहयोग हेतु के साथ एक करार ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए।

## मुख्य विशेषताएँ-नवंबर 2018

- 44वां एनएचपीसी स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। निगम मुख्यालय में आयोजित समारोह में माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, श्री आर.के. सिंह उपस्थित थे। इस समारोह में माननीय पर्यावरण, उद्योग, वाणिज्य एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री, हरियाणा सरकार, श्री विपुल गोयल, सचिव (विद्युत) भारत सरकार, श्री अजय कुमार भल्ला एवं संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय, श्री अनिरुद्ध कुमार एवं विभिन्न क्षेत्रों से अन्य मान्यवर भी उपस्थित थे। माननीय मंत्री महोदय ने एनएचपीसी आवासीय कॉलोनी, फरीदाबाद में लगाए जा रहे 1000 किलोवाट के रूफटॉप सौर संयंत्र का शिलान्यास भी किया।
- संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय, श्री अनिरुद्ध कुमार के साथ अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने जम्मू व कश्मीर के मुख्य सचिव, श्री बी.वी.आर. सुब्रमण्यम एवं महामहिम राज्यपाल के सलाहकार (प्रभारी) ऊर्जा, श्री के.के. शर्मा के साथ 20 नवंबर 2018 को जम्मू में मुलाकात की। इस दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने जम्मू व कश्मीर राज्य में जलविद्युत विकास के क्षेत्र में एनएचपीसी की भूमिका के बारे में जानकारी दी एवं जम्मू व कश्मीर राज्य में एनएचपीसी को नई जलविद्युत परियोजनाएं आवंटित करने के लिए अनुरोध किया।
- माननीय संसद सदस्य डॉ. कंभमपति हरि बाबू की अध्यक्षता में ऊर्जा संबंधी संसदीय स्थायी समिति द्वारा मौके पर ऊर्जा अध्ययन के लिए सलाल पावर स्टेशन का 1 नवंबर, 2018 को दौरा किया।
- एनएचपीसी द्वारा 19 से 25 नवंबर के दौरान कौमी एकता सप्ताह (राष्ट्रीय एकता सप्ताह) मनाया गया।
- एनएचपीसी को आरोग्य वर्ल्ड इंडिया ट्रस्ट द्वारा स्थापित वर्ल्ड हेल्दी वर्कप्लेस अवॉर्ड 2018 में हेल्दी वर्कप्लेस अवार्ड के तहत सिल्वर स्तर के मान्यता प्राप्त पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों द्वारा नवंबर 2018 के महीने तक 19613 मिलियन यूनिट संचयी विद्युत उत्पादन किया गया।

## मुख्य विशेषताएँ-अक्तूबर 2018

- एनएचपीसी ने वित्त वर्ष 2017-18 में अपने शेयरधारकों को 1436.31 करोड़ रूपये का लाभांश दिया है ।

- हिमाचल प्रदेश में हाल में आई प्राकृतिक आपदाओं के मद्देनजर, एनएचपीसी ने मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपए की राशि अनुदान के रूप में दी है।
- 5 अक्टूबर 2018 को चमेरा - III पावर स्टेशन के लिए सपलीमेंटरी विद्युत क्रय करार पर राजस्थान उर्जा विकास निगम लिमिटेड के साथ 35 वर्षों के लिए हस्ताक्षर किए गए हैं।
- एनएचपीसी को डन एंड ब्रैडस्ट्रीट इंफ्रा अवॉर्ड्स 2018 के दौरान 'पावर जनरेशन-रिन्युबल एनर्जी' श्रेणी के तहत पुरुस्कृत किया गया है।
- एनएचपीसी को पीएसयू श्रेणी के तहत 'सतत विकास के लिए सीएसआर पहल' के लिए 25 अक्टूबर 2018 को ‘सरकारीटेल.कॉम एक्सेलेंस अवार्ड् स एंड फेलिसिटेशन 2018’ में ट्रॉफी व प्रशंसा प्रमाणपत्र दिया गया।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों द्वारा अक्टूबर 2018 के महीने तक 18315 मिलियन यूनिट संचयी विद्युत उत्पादन किया गया है।

## मुख्य विशेषताएँ – सितंबर 2018

- एनएचपीसी ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 17 सितंबर, 2018 को नई दिल्ली में ‘जलविद्युत विकास’ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।
- एनएचपीसी के कर्मचारियों ने केरल के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए प्रधान मंत्री के राष्ट्रीय राहत निधि के लिए 1.61 करोड़ रुपये दिया।
- एनएचपीसी के कार्मिकों ने केरल के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में 1.61 करोड़ रुपए की सहायता दी। इसके अलावा, एनएचपीसी ने केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को बाढ़ की वजह से प्रभावित हुए उनके जलविद्युत संयंत्रों को पुनः स्थापित करने के लिए टनकपुर पावर स्टेशन से 2 ट्रान्सफॉर्मर भी उपलब्ध कराए है।
- एनएचपीसी ने 3 सितंबर 2018 को जलविद्युत परियोजनाओं में परामर्श और सहयोग के लिए BHEL के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- कंपनी की 42वीं वार्षिक सामान्य बैठक 27 सितंबर, 2018 को निगम मुख्यालय में सफलतापूर्वक आयोजित की गई।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों द्वारा माह सितंबर, 2018 में 2743.7 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया गया।

## मुख्य विशेषताएँ – अगस्त 2018

- मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान गत वित्त वर्ष की इसी अवधि के 2328 करोड़ रुपये की तुलना में संचालन से एनएचपीसी को 2129 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। गत वित्त वर्ष के 863 करोड़ रुपये की तुलना में पहली तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ 738 करोड़ रुपये हुआ है।
- ‘प्रधानमंत्री भारतीय जन-औषधि केंद्र परियोजना (पीएमबीजेपी)’ के तहत टनकपुर पावर स्टेशन में 16 अगस्त 2018 को “प्रधानमंत्री भारतीय जन-औषधि केंद्र” का उद्घाटन किया गया।

- निगम मुख्यालय में 30 अगस्त 2018 को पावर ट्रेडिंग सेल का उद्घाटन किया गया। एनएचपीसी ने थर्मल संयंत्र से 120 मेगावाट की बिक्री के लिए टीआरएन एनर्जी पावर लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों द्वारा अगस्त 2018 के महीने में 3363 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया गया। संचयी बिजली उत्पादन 13651 मिलियन यूनिट हुआ है।

## मुख्य विशेषताएँ – जुलाई 2018

- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने साथियों के साथ 1 से 7 जुलाई, 2018 के दौरान ऑस्ट्रिया के विएना में हुए इंटरनैशनल कमिशन ऑन लार्ज डैम्स (आईसीओएलडी) के 26वें कांग्रेस एवं 86वें वार्षिक बैठक में 'सेडीमेंट मैनेजमेंट प्रैक्टिस इन रिजरवॉयर ऑफ टू पावर स्टेशन्स लोकेटेड ऑन हिमालयन रिवर्स ऑफ इंडिया' विषय पर तकनीकी पेपर प्रस्तुत किया।
- सत्यनिष्ठा समझौते के अनुपालन पर 55वीं संरचनात्मक बैठक 12 जुलाई, 2018 को चमेरा-I पावर स्टेशन में आयोजित की गई थी।
- कन्स्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउन्सल द्वारा (सीआईडीसी) द्वारा 330 मेगावाट की किशनगंगा जल विद्युत परियोजना को पूरा करने के लिए अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को 'स्पिरिट ऑफ कन्स्ट्रक्शन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों द्वारा जुलाई, 2018 में 3329 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया गया।

## मुख्य विशेषताएँ – जून 2018

- किशनगंगा जलविद्युत परियोजना के 137.6 मेगावाट के लिए यूपीपीसीएल के साथ लखनऊ में 22 जून, 2018 को पावर क्रय समझौता किया गया। यह समझौता इस परियोजना के अंतिम यूनिट की वाणिज्यिक उत्पादन के तारीख से 35 वर्षों तक मान्य होगा। इससे पूर्व, छत्तीसगढ के साथ 100 मेगावाट के लिए पावर क्रय समझौता किया जा चुका है। इस तरह से परियोजना की बिक्री योग्य पूरी विद्युत के लिए समझौता किया जा चुका है।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक ने 13 से 17 जून, 2018 तक भूटान की अपनी यात्रा के दौरान महामहिम ल्योन्पो लेकी दोरजी, आर्थिक मामलों के माननीय मंत्री एवं एमएचपीए के अध्यक्ष, शाही भूटान सरकार से मुलाकात कर भूटान में आगामी जलविद्युत परियोजनाओं में एनएचपीसी की रुचि के बारे में विचार विमर्श किया।
- श्री गणेश सिंह, माननीय सांसद (लोकसभा) की अध्यक्षता में 'भर्ती में अन्य पिछडे वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपाय एवं इनका कल्याण' के विषय पर अन्य पिछडे वर्गों के कल्याण संबंधी संसदीय समिति (2018-19) ने गंगटोक में 21 से 24 जून, 2018 तक दौरा किया। समिति के सदस्यों ने टीएलडीपी-III पावर स्टेशन का भी दौरा किया एवं दूरदराज के इलाकों में संपन्नता लाने के लिए एनएचपीसी के प्रयासों की सराहना की एवं इसमें सुधार हेतु महत्त्वपूर्ण सलाह दी।
- 1 जून, 2018 को मुंबई में विश्लेषक बैठक का आयोजन किया गया। वित्त वर्ष 2017-18 के कंपनी के निष्पादन पर चर्चा की गई एवं बैठक के दौरान विश्लेषकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

- विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव व वित्तीय सलाहकार श्री विवेक कुमार दिवांगन ने 28 जून, 2018 को निगम मुख्यालय का दौरा किया और एनएचपीसी की अत्याधुनिक तकनीकी स्थापना एवं क्षमताओं की सराहना की।
- सभी कार्यालयों में 5 जून को पर्यावरण दिवस एवं 21 जून को योग दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजन किया गया।
- सभी कार्यालयों में 5 जून को पर्यावरण दिवस एवं 21 जून को योग दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजन किया गया। प्रख्यात वक्ताओं द्वारा दिए जाने वाले एनएचपीसी व्याख्यान श्रृंखला के क्रम में इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ कारपोरेट अफेयर्स के भूतपूर्व महा निदेशक एवं सीईओ डॉ. भास्कर चटर्जी ने कारपोरेट गवर्नेंस के माध्यम से परिवर्तन लाने एवं इसके प्रबंधन पर अपने महत्त्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों द्वारा जून, 2018 में 2894.5 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया गया। संचयी विद्युत उत्पादन 6959 मिलियन यूनिट रहा है।

## मुख्य विशेषताएँ – मई 2018

- एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान 2765 करोड़ रुपए का कर पश्चात कुल शुद्ध लाभ अर्जित किया ।
- माननीय प्रधानमंत्री ने 19 मई, 2018 को किशनगंगा जलविद्युत परियोजना राष्ट्र को समर्पित किया।
- एनएचपीसी ने इंडियन एनर्जी एक्सचेंज की ट्रेडर मेम्बरशिप प्राप्त कर ली है और लघु/मध्यम अवधि के व्यापार के लिए डिस्कवरी ऑफ एफ़िशिएंट इलेक्ट्रिसिटी प्राइस (डीईईपी) पोर्टल पर भी पंजीकृत हो गई है।
- माननीय संसद सदस्य, श्री रमेश बैस की अध्यक्षता में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने 3 से 5 मई, 2018 के दौरान श्रीनगर का दौरा किया एवं समिति के सदस्यों ने एससी/एसटी/ओबीसी व दिव्यांग कर्मचारियों के लिए एनसीपीसी द्वारा किए गए प्रयासों और पहलों की सराहना की।
- माननीय संसद सदस्य, डॉ कंभमपति हरि बाबू की अध्यक्षता में ऊर्जा संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने तीस्ता-V पावर स्टेशन में 13 मई, 2018 को एक बैठक की एवं समिति के माननीय सदस्यों ने देश में जलविद्युत विकास के लिए एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे योगदान की सराहना की।
- 'स्वच्छता पखवाड़ा 2018' एनएचपीसी के सभी कार्यालयों में 16 से 31 मई 2018 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

## मुख्य विशेषताएँ – अप्रैल 2018

- वर्ष 2018-19 के लिए भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के साथ 20 अप्रैल 2018 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए
- सीईआरसी ने 23 अप्रैल 2018 को एनएचपीसी को अंतर-राज्य व्यापार लाइसेंस प्रदान किया है।
- माननीय संसद सदस्य डॉ किरीट सोमैया की अध्यक्षता में श्रम पर स्थायी समिति ने 25 अप्रैल 2018 को दार्जिलिंग का दौरा किया और एनएचपीसी में अनुबंध / आकस्मिक / सफाई कार्मिकों की स्थायी तैनाती पर चर्चा की। समिति ने विभिन्न श्रम संबंधी मुद्दों में एनएचपीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और मूल्यवान सलाह प्रदान की।

- गोरीगंगा- IIIए जल विद्युत परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पूरी कर ली गई है और 2 अप्रैल 2018 को सीईए को प्रस्तुत कर दी गई ।
- 17 अप्रैल 2018 को विक्रेता बैठक आयोजित की गई और इस बैठक में विक्रेताओं द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।
- अप्रैल 2018 के महीने के लिए सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों की संचयी विद्युत उत्पादन 1596 मिलियन यूनिट है।